VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY
वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

Office Address: P.O. Chandanwari, Prem Nagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand

कार्यालय पताः– पो0ओ0–चन्दनवाड़ी, प्रेमनगर, सुद्धोवाला, देहरादून, उत्तराखण्ड–248007

दूरभाष सं0– 0135–2774067, 068, 069 **Website: www.uktech.ac.in, Mail id: registrar@uktech.ac.in**

Ref.No: 2174 /UTU/EXAM/2022 **Date: 22/01/2022**

सेवा में,

निदेशक / प्रधानाचार्य,
उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः विषम सेमेस्टर परीक्षा 2021–22 के अन्तर्गत संस्थागत (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) परीक्षार्थियों की (Regular/Regular-Back) परीक्षायें दिनांक 27 जनवरी 2022 से ऑनलाईन मोड में आयोजित किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टर 2021–22 के अन्तर्गत संस्थागत **(प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर)** छात्र–छात्राओं की **Regular & Regular-Back (Only Back paper for Regular Students)** परीक्षायें दिनांक 27 जनवरी 2022 से ऑनलाईन मोड में आयोजित की जा रही है। परीक्षा समय–सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर दिनांक 14 जनवरी 2022 को अपलोड कर दी गयी है। परीक्षा आयोजन एवं पोर्टल पर सैत्रिक एवं प्रयोगात्मक अंक भरने से सम्बन्धित निर्देश निम्नवत जारी किये जा रहे हैं।

पोर्टल पर सैत्रिक अंक / प्रयोगात्मक अंक भरनाः– विषम सेमेस्टर के समस्त छात्र–छात्राओं के सैत्रिक अंक / प्रयोगात्मक अंकों को **दिनांक 23 जनवरी 2022 से दिनांक 31 जनवरी 2022** तक भरने के लिये विश्वविद्यालय के पोर्टल को खोला जा रहा है। सभी संस्थान निर्धारित अवधि के भीतर पोर्टल पर अंक भरना सुनिश्चित करें। यदि किसी संस्थान द्वारा निर्धारित तिथि के भीतर पोर्टल पर सैत्रिक अंक / प्रयोगात्मक अकों की प्रविष्टि नहीं की जाती है तो ऐसे संस्थानों का परीक्षाफल रोक दिया जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संस्थान की स्वयं की होगी।

ऑनलाईन परीक्षा आयोजन सम्बन्धी निर्देशः–

- सभी संस्थानों को उनके संस्थान के अधिकारिक ईमेल पर छात्र–छात्राओं के लोगिन आई0डी0, पासवर्ड एवं लिंक दिनांक 24 जनवरी 2022 तक प्रेषित कर दिये जायेंगे। छात्र–छात्राओं का समस्त डाटा (अनुक्रमांक, नाम, पिता का नाम, पाठ्यक्रम, प्रश्न पत्र कोड आदि की सूचना) संस्थानों द्वारा पूर्व में पोर्टल पर भरे हुए डाटा से ही लिया गया है अतः डाटा में वर्तमान में कोई भी परिवर्तन सम्भव नहीं होगा। अतः संस्थान डाटा परिवर्तन कराने हेतु दूरभाष, ईमेल, व्हट्सअप आदि पर सम्पर्क न करें। डाटा परिवर्तन हेतु कोई विचार नहीं किया जायेगा।
- सभी संस्थानों द्वारा अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को लोगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराये जायेंगे एवं सभी छात्र–छात्राओं को मॉक टेस्ट में सम्मिलित होने के लिये निर्देशित करना होगा। **मॉक टेस्ट दिनांक 25 जनवरी 2022 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित किया जायेगा।**
- **समस्त संस्थान यह भी सुनिश्चित कर लें कि सभी छात्र–छात्राओं के पास इन्टरनेट, मोबाईल / लेपटॉप आदि की पर्याप्त व्यवस्था है अथवा नहीं। लोगिन न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय / एजेन्सी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः मॉक टेस्ट में ही अभ्यर्थियों के लोगिन आदि की समस्याओं का निराकरण करवा लिया जाय। अभ्यर्थियों को लोगिन कराये जाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी CS की होगी।**
- पूर्व की भॉति उक्त परीक्षा में भी CS एवं Invigilator के माध्यम से Proctoring की जायेगा। अतः यदि कोई अभ्यर्थी नकल करते हुए पाया जाता है तो CS एवं Invigilator के द्वारा सम्बन्धित अभ्यर्थी को Chargesheet करे हुए तत्समय ही ईमेल के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को सूचित किया जायेगा।

विशेष बैक पेपर 2020–21 परीक्षा आयोजन सम्बन्धी निर्देशः– पास आउट अभ्यर्थियों के लिये विशेष बैक पेपर परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम भी शीघ्र ही घोषित किया जायेगा।

साथ ही दिनांक 25 जनवरी 2022 तक समस्त संस्थान विषम सेमेस्टर परीक्षा का शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, कुलपति, मा0कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ हेतु।
2. कुलसचिव, बी0मा0सिं0भ0उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून
3. वित नियंत्रक, बी0मा0सिं0भ0उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून
4. श्री गौरव भण्डारी को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक